न्यायालय अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर अलवर(राज.)

अपील संख्या 12/163/2022

कम्प्यूटर आई.डी. क्रमांकः 2022/493

अपीलार्थी	बनाम	प्रत्यर्थी
श्री गिर्राज प्रसाद सैनी पुत्र श्री फूसा राम सैनी, नि. 183–186, पवनपुत्र 'एच' कॉलोनी, मीनावाला, सिरसी रोड़, जयपुर–302034		राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं सचिव, नगर विकास न्यास, अलवर

प्रवेश तिथि :: 11.11.2022

प्रथम अपील अन्तर्गत धारा 19(1) सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 13.12.2022

1. उभयपक्ष अनुपस्थित।
2. हमने पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेजों का विशुद्ध परिशीलन किया।
3. अपीलार्थी ने आवेदन–पत्र दिनांकः 23.05.22 के माध्यम से प्रत्यर्थी को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर खसरा नंबर 1860, गणपति विहार कॉलोनी, पटवार सर्किल नं.1, तह. अलवर में जारी किए गए पट्टो के संबंध में सूचना/प्रमाणित प्रति चाही गई थी।
4. प्रत्यर्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 7(1) में विहित समयावधि में अपीलार्थी को किसी प्रकार की सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण पत्र दिनांकः – (इस न्यायालय को दिनांकः 11.11.22 को प्राप्त) के माध्यम से इस न्यायालय को प्रथम अपील संस्थित कराई गई।
5. उक्त प्रथम अपील के अनुक्रम में प्रत्यर्थी को नोटिस जारी कर जवाब चाहा गया, प्रत्यर्थी की ओर से सुनवाई हेतुं कोई उपस्थित नहीं हुआ और ना ही आदिनांक तक किसी प्रकार का जवाब नोटिस ही प्राप्त हुआ।
6. अतः **उक्त आलोक में अपील स्वीकार** की जाकर निस्तारित जाती है, साथ ही प्रत्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वो अपीलार्थी के प्रथम आवेदन दिनांकः 23.05.2022 में वांछित बिन्दुवार, सटीक सूचना उक्त निर्णयादेश प्राप्ति के अधिकतम 15 दिवस में **नियमानुसार** अधिप्रमाणित व पूर्ण हस्ताक्षरित कर पंजीकृत–पत्र के जरिये अपीलार्थी को निःशुल्क ही भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त फोटोप्रति शुल्क के मध्ये पोस्टल ऑर्डर्स के माध्यम से जमा कराई गई राशि रू. 350/– नियमानुसार परीक्षण कर अपीलार्थी को रिफण्ड की जावे।
7. न्यायालय द्वारा जारी नोटिस के परिप्रेक्ष्य में जवाब समय पर भिजवाया नहीं जाना अधिनियम की भावना, उद्देश्यों के प्रतिकूल है। अतः भविष्य में इस न्यायालय द्वारा अपील अन्तर्गत जारी नोटिस पर जवाब अतित्वरित भिजवाने की व्यवस्था की जावे।
8. आदेश की प्रति उभय पक्ष को प्रेषित हो।
9. आज दिनांकः 13.12.2022 को निर्णय लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया तथा हस्ताक्षरित एवं मुद्रांकित किया गया।

(डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी)
अपीलीय अधिकारी एवं
जिला कलक्टर, अलवर (राज.)